
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

04 नवंबर 2024

Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

मौन जीवन के अनेक कष्टों से

सीखा गया सबक है ।

लुसियस ॲनेयस सेनेका



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 04 नवम्बर

1. **शकुंतला देवी का जन्म–** 'मानव कम्प्यूटर' के नाम से प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ शकुंतला देवी का जन्म 04 नवम्बर, 1929 ई. को बेंगलुरू में हुआ था। बचपन से ही वे अद्भूत प्रतिभा की धनी एवं मानसिक परिकलित्र थी। उनकी प्रतिभा को देखते हुए वर्ष 1982 में 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' में भी शामिल किया गया। उनकी स्मृति में हाल ही में एक फिल्म बनायी गयी है जिसमें अभिनेत्री विद्याबालन ने उनका रोल अदा किया है।
2. **गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित–** वर्ष 2008 में आज के ही दिन केन्द्र सरकार ने गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित करने का निर्णय लिया था।

### पटाखे छोड़ने से पहले ध्यान दें:

विभिन्न रसायनों के मिश्रण को जलाने पर आवाज, धुआँ और चिन्गारियों से बनी आकृतियों को ही आतिशबाजी कहते हैं। आतिशबाज़ी उर्दू शब्द 'आतिश' से लिया गया है जिसका अर्थ होता है– आग और 'बाज़ी' का अर्थ है– कला, यानी आग की कला। इसे हिन्दी भाषा में 'हवाईगिरी' कहते हैं।

1. दीप जलाने या पटाखे छोड़ने के पहले सुती वस्त्र ही पहने। सिंथेटिक कपड़े जल्द आग पकड़ लेते हैं।
2. दीप जलाने या पटाखें फोड़ने के लिये लम्बी मोमबत्ती,/अगरबत्ती का इस्तेमाल करें।
3. आतिशबाज़ी रात में ही करें। दिन में चिंगारी दिखाई नहीं पड़ती।
4. दीप जलाने या पटाखे फोड़ते समय अभिभावक बच्चों का ख्याल रखें।
5. छूटे हुए पटाखों को हाथ में न लें या हाथ में लेकर पटाखें ना छोड़ें। ऐसा करने से आपके साथ दुर्घटना घट सकती है।
6. छूटे पटाखों का बचा हुआ बारूद निकाल कर जलाने का प्रयास ना करें। ऐसा करते वक्त बारूद की चिंगारी आपके आँखों या शरीर को नुकसान पहुँचा सकती है।
7. चक्कर घिरनी या फूलझड़ी छुड़ाते समय उचित दूरी बनाए रखना चाहिए।
8. रॉकेट छुड़ाते समय उसे बोतल में भरकर खुली जगह में छुड़ाना चाहिए जिससे वह सीधा ऊपर जाए।
9. पटाखें अगर नम हो गई हो तो उसे धूप में सुखाना चाहिए। भूलकर भी पटाखों को आग पर गर्म न करें।
10. बारूद को कभी भी धातु, पत्थर आदि से नहीं पीटें और न ही पीसें।

Monday

मधु प्रिया

# गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित 4 नवम्बर



वर्ष 2008 में 4 नवंबर को मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया। इसके साथ ही नदी को प्रदूषण और अन्य समस्याओं से मुक्त करने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त गंगा नदी घाटी प्राधिकरण गठित करने का फैसला लिया था। गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी, मोदी से पहले मनमोहन सिंह ने शुरू कर दिया था गंगा की सफाई पर काम, गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी; मोदी से पहले मनमोहन सिंह ने शुरू कर दिया था गंगा की सफाई पर काम| आज भले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गंगा और नमामि गंगे बहुत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हों, पर यह जानना जरूरी है कि इस पर काम पहले ही शुरू हो गया था। 2008 में 4 नवंबर को मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया। इसके साथ ही नदी को प्रदूषण और अन्य समस्याओं से मुक्त करने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त गंगा नदी घाटी प्राधिकरण गठित करने का फैसला लिया था। गंगा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में ही गंगा कार्ययोजना शुरू कर दी थी। फॉलोअप के तौर पर मनमोहन सिंह सरकार ने इसे राष्ट्रीय नदी का दर्जा दिया। 2008 में यह फैसला भी हुआ था कि गंगा नदी घाटी प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। जिन राज्यों से गंगा नदी बहती है, उनके मुख्यमंत्री इसके सदस्य होंगे। यानी एक तरह से मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही गंगा नदी पर काम को गति मिली। 2014 में सरकार बदली और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने गंगा नदी को लेकर जोर-शोर से काम शुरू कर दिया। इसमें 20 हजार करोड़ रुपए के बजट से फ्लैगशिप प्रोग्राम नमामि गंगे भी शामिल है। नमामि गंगे केंद्र सरकार की एक योजना है, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के प्रदूषण को कम करना और नदी को पुनर्जीवित करना है। इसके लिए केंद्र सरकार ने गंगा कायाकल्प के नाम से अलग से विभाग भी बनाया। इस परियोजना के तहत दिसंबर 2021 तक पहले चरण में विश्व बैंक से 4,535 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। मिशन के तहत 25,000 करोड़ रुपये की 313 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। मार्च 2020 तक इसमें से सिर्फ 116 पूरी हो पाई थीं। डेडलाइन दिसंबर 2020 की थी। गंगा हिमालय पर्वत से गोमुख में निकलती है, गंगोत्री हिमनद के अंत, और बंगाल की खाड़ी के मुख से गिरती है। यह भारत की एक सीमापारिक नदी है जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। गंगा कार्य योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, गंगा को 2008 में राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था।



महान स्वतंत्रता सेनानी

## जमनालाल बजाज जी

**जमनालाल बजाज** *Jamnalal Bajaj*, जन्म- 4 नवम्बर, 1889, राजस्थान; मृत्यु- 11 फ़रवरी, 1942, वर्धा) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उद्योगपति और मानवशास्त्री थे। वे महात्मा गाँधी के बहुत करीबी और उनके सच्चे अनुयायी थे। गाँधीजी उन्हें अपने पुत्र समान मानते थे। जमनालाल बजाज 1920 में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष बने थे तथा इस पद पर वे जीवन भर रहे। उन्होंने वर्धा में 'सत्याग्रह आश्रम' की स्थापना की थी।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.11.2024

### तुलनात्मक विधि

तुलनात्मक विधि का मतलब है, किसी अध्ययन की वस्तु को किसी दूसरी वस्तु के संबंध में देखना. आम तौर पर, तुलनात्मक विधि में किसी वस्तु की तुलना स्थान और समय के हिसाब से की जाती है. तुलनात्मक विधि गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरह की हो सकती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



धनुषकोडी (पंबन द्वीप, तमिलनाडु राज्य) भारतीय क्षेत्र का अंतिम शहर है।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट



























# जयंती पर कोटि-कोटि नमन

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## मानव कंप्यूटर

# शकुन्तला देवी

4 नवम्बर 1929 - 21 अप्रैल 2013



www.teachersofbihar.org

Madhu priya